हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 14 अप्रैल 2026

06 नगर में नहीं किया जा रहा है नई आबकारी...



07 एक निजी बिल्डिंग में संचालित हो रहे चार पैक्स...





## खबर संक्षेप

### फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

**विदिशा।** जिला खेल परिसर स्टेडियम में 4 दिवसीय बेतवांचल फुटबॉल अकैडमी एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय प्रोफेसर केसी नायर अंतर जिला स्कूल प्रतियोगिता के 15 संस्करण का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में जिला क्रीड़ा अधिकारी शिक्षा विभाग संतोष चतुर्वेदी, विदिशा फुटबॉल संघ के सचिव चंद्र बहादुर थापा, खेल एवं युवा कल्याण विभाग से कोच वीएस बुंदेला, बेतवांचल फुटबॉल अकादमी के कोच रविकांत नामदेव, सतीश रैकवार, अंकित दांगी आदि लोग मौजूद रहे। अर्पित उपाध्याय सहित अतिथियों ने वात्सल्य स्कूल एवं स्प्रिंगफील्ड स्कूल के खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया।

### पीएम विश्वकर्मा योजना में मालाकार के सात उम्मीदवारों का प्रशिक्षण

**विदिशा।** पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत शासकीय आईटीआई विदिशा में मालाकार के 7 उम्मीदवारों का प्रशिक्षण हुआ। कपिल कुमार अग्रवाल द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस उम्मीदवारों को योजना के लाभ के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। योजना की जानकारी देते हुए संस्था प्राचार्य कविता रघुवंशी ने बताया कि शासकीय आईटीआई विदिशा में सभी 18 जाबरोल के विश्वकर्माओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। योजना के लाभार्थियों को उनके बैंक खातों में प्रशिक्षण भत्ता यात्रा भत्ता एवं लोन की राशि प्रदान की जाएगी।

### गौरवपूर्ण वृद्धावस्था पर कार्यक्रम आयोजित

**विदिशा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेवाकेंद्र द्वारा ट्रिनिटी कान्वेंट स्कूल में गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन" विषय पर कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय एवं ब्रह्माकुमारीज के समाज सेवा प्रभाग के संयुक्त अभियान के अंतर्गत हुआ। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने कहा कि बुजुर्ग समाज की धरोहर हैं और उन्हें सम्मान देना हमारी सांस्कृतिक जिम्मेदारी है।

### शीतल जल सेवा का शुभारंभ 13 से शुरू

**कुरवाई।** ग्रीष्म काल में वाटर कूलर के ठंडे पानी की सुविधा पिता स्वर्गीय राजाराम साहू की स्मृति में उनकी तीसरी पुण्यतिथि 13 अप्रैल से प्रारंभ शुरू हो गई है। नगर में कार्यरत स्वयंसेवी संगठन समिधा शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति द्वारा में बाजार में पशुओं के पीने का पानी की टंकी में एवं पक्षियों के लिए सकोरे में रख कर सेवा कार्य किया जा रहा है। इस सुविधा के लिए वाटर कूलर विधायक हरिसिंह सप्रे द्वारा एवं पानी की टंकी पाइपलाइन नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष रेखा जगदीश साहू द्वारा एवं वाटर कूलर हेतु बिजली की सुविधा पूर्व पार्षद रजनीश साहू ने उपलब्ध कराई।

## पर्दाफाश: फोन पे और डेड ड्रॉप से चल रहा था नशे का कारोबार

# ड्रग नेटवर्क का भंडाफोड़: 3 थानों की पुलिस ने अलग-अलग स्थान से 13 आरोपी किए गिरफ्तार

**ब्राउन शुगर की कीमत 9.15 लाख, चार वाहनों की कीमत 89.80 लाख और नकद राशि जब्त की गई।**

### चार लग्जरी गाड़ियां पकड़ाईं, 75 लाख एक ऑडी कार भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

तीन थानों की पुलिस ने मिलकर ड्रग्स के अंतरराज्यीयी ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर दिया है। विदिशा कोतवाली, सिविल लाइन विदिशा और गंजबासौदा पुलिस ने मिलकर अगल अलग स्थानों पर कार्रवाई कर 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर 92 ग्राम ब्राउन शुगर सहित चार लग्जरी वाहन भी जब्त किए हैं। कुल एक करोड़ रुपए की सामग्री जब्त की गई है। पुलिस जांच में सामने आया कि यह गिरोह चार स्तरों में संगठित रूप से काम कर रहा था, जिसमें किंगपिन, लोकल वितरक, डिलीवरी एजेंट और लॉजिस्टिक टीम शामिल थी।

पुलिस जांच में सामने आया कि यह ड्रग सप्लाई चेन राजस्थान से संचालित हो रही थी। गिरोह का मुख्य सरगना मुकेश तंवर था, जो झालावाड़ जिले का निवासी है और ब्राउन शुगर की थोक सप्लाई करता था। उसके नेटवर्क में स्थानीय वितरक, डिलीवरी एजेंट और लॉजिस्टिक टीम शामिल थी, जो सुनियोजित तरीके से पूरे तंत्र को संचालित कर रहे थे। आरोपियों द्वारा डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म फोन पे के जरिए भुगतान लिया जाता था। भुगतान की पुष्टि के बाद कॉन्फ्रेंस कॉल के माध्यम से ग्राहक की पहचान सुनिश्चित की जाती थी। इसके बाद नशे का सामान किसी



**विदिशा।** पकड़े गए गिरोह के संबंध में जानकारी देते हुए एसपी रोहित काशवानी।

गुप्त स्थान पर रख दिया जाता था, जहां से ग्राहक उसे स्वयं उठा लेते थे। पुलिस अब आरोपियों के बैंक खातों को फ्रीज करने की प्रक्रिया में जुटी है, ताकि नशे के अवैध कारोबार से अर्जित धन के नेटवर्क को पूरी तरह खत्म किया जा सके। थाना सिविल लाइन पुलिस ने अनु उर्फ अनुज साहू, गोविंद मांडल, देवेंद्र प्रजापति, रोहित साहू, रूपांश चौरसिया, चीनी उर्फ नयन दुबे, जितेंद्र वाल्मीक एवं मुख्य सप्लायर मुकेश तंवर को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के कब्जे से कुल 38.2 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ मर्सिडीज, स्विफ्ट डिजायर कार जब्त की गई। कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वरुण दांगी, रवि छीपा, अनुज उर्फ अन्नू साहू, हर्ष श्रीवास्तव एवं कुशल उर्फ पप्पू को गिरफ्तार किया गया। इन आरोपियों के कब्जे से कुल 49.51 ग्राम ब्राउन शुगर सहित मारुति अर्टिगा कार जब्त की गई। थाना बासौदा शहर पुलिस ने विक्की उर्फ विक्रम राजपूत को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से कुल 4.3 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई।

### डिजिटल सिस्टम से चलता था कारोबार

गिरोह ने आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करते हुए पुलिस को चकमा देने की पूरी व्यवस्था कर रखी थी। डिजिटल पेमेंट फोन पे के माध्यम से भुगतान लिया जाता था। पेमेंट के बाद कॉन्फ्रेंस कॉल से ग्राहक की पुष्टि होती थी। माल को गुप्त स्थानों जैसे झाड़ियों या ईंटों के नीचे रखा जाता था। ब्राउन शुगर को 'पॉइंट' या 'टिकट' जैसे कोड नाम दिए गए थे।

### लग्जरी वाहनों का उपयोग, जांच शुरू

गिरोह द्वारा मादक पदार्थों की सप्लाई के लिए महंगी गाड़ियों का इस्तेमाल किया जा रहा था, जिनमें मर्सिडीज, स्विफ्ट डिजायर, अर्टिगा और सुजुकी एक्सेस शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के बैंक खातों की जांच शुरू कर दी है। ड्रग्स के कारोबार से प्राप्त धन को जिन खातों में जमा किया था, उन्हें फ्रीज करने की प्रक्रिया जारी है।

## भाजपा कार्यालय में 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' का सीधा प्रसारण किया गया

# भाजपा की महिला नेत्रियों ने विधेयक का किया समर्थन



**विदिशा।** भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का सीधा प्रसारण किया गया। भाजपा कार्यालय में खंडवा विधायक कंचन तनवे ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं ने महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा को मजबूत किया है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। अब महिलाएं नौकरी नहीं ढूंढ रहीं बल्कि मुद्रा योजना का लाभ लेकर नौकरियां दे रही हैं। उन्होंने कहा कि उज्जवला योजना से महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिल गई है। घर घर शौचालय बने हैं। जिससे महिलाओं को खुले में नहीं जाना पड़ता। उन्होंने कहा कि संसद और विधानसभा में 33% आरक्षण से महिला शक्ति और भी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2026 से महिलाओं को केवल वोट बैंक समझने वाली मानसिकता ध्वस्त हो जाएगी। महिलाओं को नीति निर्धारण और नेतृत्वकारी भूमिका में बैठाने का ऐतिहासिक काम होगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष अरुणा मांझी, विदिशा नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, बासौदा नगरपालिका अध्यक्ष शशि यादव, प्रदेश प्रवक्ता मंजरी जैन सहित अनेक महिला कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन चंद्रकांती नामदेव ने किया।

# एसएटीआई पॉलिटेक्निक के छात्रों और कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने ज्ञापन सौंपा

### कर्मचारियों की मांगें पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

एसएटीआई पॉलिटेक्निक कॉलेज की विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस नेताओं ने सोमवार को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान पूर्व युवक कांग्रेस अध्यक्ष वैभव भारद्वाज ने कहा कि कॉलेज के छात्र काफी परेशान हैं और उनकी समस्याओं का समाधान जल्द किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि छात्रों के परीक्षा नजदीक हैं, लेकिन उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है, जिससे उनका भविष्य संकट में है। शासन-प्रशासन को छात्रों की जायज मांगों को तुरंत पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एसएटीआई कॉलेज का नाम पूरे देश में है और यह हमारे लिए गर्व की बात है, लेकिन वर्तमान स्थिति के कारण विदिशा की छवि खराब हो रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरुण कुमार अवस्थी ने कहा कि पॉलिटेक्निक विभाग के कर्मचारी पिछले 8 दिनों से धरने पर बैठे हैं।

इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री, मंत्रियों एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को भी पत्र और ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही कर्मचारियों एवं छात्रों की मांगें पूरी नहीं की गईं, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान आयुष जैन, मुआज़ कामिल, जतिन, रोहित, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष आकाश उपस्थित रहे।

### अभियान को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने टीएल बैठक के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को सौंपे गए कार्यों की स्पष्ट उपलब्धियां दिखाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नियमित मॉनिटरिंग के साथ ठोस परिणाम सुनिश्चित किए जाएं, ताकि अभियान का प्रभाव जमीन पर नजर आए। मनरेगा के तहत बनाए जा रहे नए तालाबों की जानकारी राजस्व अभिलेखों में अनिवार्य रूप से दर्ज करने पर जोर दिया। कलेक्टर श्री गुप्ता ने चेताया कि जल संरक्षण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और समन्वय से कार्य किया जाए।

# ड्यूटी के दौरान बीट अधिकारी की हत्या से आया उबाल, 25 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण कर्मचारी संघ ने मुरैना में बीट अधिकारी हरिकेश गुर्जर की ड्यूटी के दौरान हुई हत्या के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

संघ ने 8 अप्रैल 2026 की घटना को दुखद बताते हुए कहा कि अवैध रेत परिवहन रोकने पर वन माफियाओं ने ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर उनकी हत्या कर दी, जो कर्मचारियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती है। ज्ञापन में आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी, फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई और कड़ी सजा की मांग की गई। साथ ही मृतक को शहीद का दर्जा, परिवार को एक करोड़ रुपये मुआवजा, एक सदस्य को सरकारी नौकरी, बच्चों की शिक्षा और विशेष पेंशन की मांग रखी गई। संघ



ने वन कर्मियों की सुरक्षा के लिए हथियार, वाहन, संचार सुविधा, सीसीटीवी और पुलिस सहयोग बढ़ाने समेत 25 बिंदुओं पर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

# अंतिम गेंद पर छक्का जड़कर मां इलेवन टीम बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

शमशाबाद में यूथ क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में 7 से 12 अप्रैल तक आयोजित विधानसभा स्तरीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन बेहद रोमांचक अंदाज में हुआ।

दूधिया रोशनी में शाम 7 बजे से रात 2 बजे तक चले मैचों में 10 टीमों के 130 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। हर मुकाबले में दर्शकों को चौके-छक्कों की बरसात देखने को मिली। सेमीफाइनल में महाकाल इलेवन बाढ़ेर ने रॉयल चैलेंजर को 8 विकेट से हराया, जबकि मां इलेवन ने मैक्सिटो को 63 रनों से मात देकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में महाकाल इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 119 रन बनाए। जवाब में मां इलेवन ने संघर्षपूर्ण पारी खेली और आखिरी गेंद पर शिवायू शर्मा के छक्के की बदौलत 6 रन से जीत दर्ज की।

विजेता टीम को 51 हजार का पुरस्कार गुरुकुलम स्कूल के संचालक धनेश पाठक ने प्रदान किया, जबकि उपविजेता को 25 हजार संजय चौकसे ने दिए। संजीव मीणा को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया और उन्हें फ्रिज भेंट किया गया। आयोजन समिति के अजय चौकसे, कपिल यादव, कपिल आर्य सहित अन्य सदस्यों ने खिलाड़ियों का सम्मान किया।

## शहनाई गार्डन में विदिशा व्यापार महासंघ के नव पदाधिकारियों का भव्य सम्मान समारोह संपन्न

# बंद से होता व्यापारियों का नुकसान, अब बेवजह नहीं होगा विदिशा बंद, जल्द होगा महा व्यापारी सम्मेलन: राजेश जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

किराना संघ एवं डिस्ट्रीब्यूटर संगठन के तत्वावधान में विदिशा व्यापार महासंघ के नव नियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान एवं स्वागत समारोह शहनाई गार्डन परिसर में आयोजित किया गया।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में व्यापारियों की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि नई पीढ़ी को व्यापार की बदलती परिस्थितियों, सामाजिक, धार्मिक एवं चिकित्सा क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी के साथ व्यवसाय को सुचारू रूप से





संचालित करना होगा। मप्र उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष एवं नवागत महासंघ अध्यक्ष राजेश जैन ने कहा कि अब बेवजह बंद से व्यापारियों को होने वाला नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने शीघ्र ही विदिशा में एक विशाल व्यापारी महासम्मेलन आयोजित करने की घोषणा भी की, जिसमें आसपास के जिलों के व्यापारियों को शामिल किया जाएगा। साथ ही उन्होंने बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा निर्धारित एनआरपी और एमआरपी से जुड़ी जानकारी भी साझा की। कार्यक्रम में महामंत्री नरेंद्र सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश वाधवानी, उपाध्यक्ष आशीष माहेश्वरी, वरिष्ठ मंत्री जितेंद्र जीतू, विवेक शर्मा संयुक्त मंत्री एवं राजकुमार अग्रवाल कोषाध्यक्ष का शाल, श्रीफल एवं सम्मान पत्र देकर सम्मान किया गया। समारोह में महासंघ के पूर्व अध्यक्ष मुन्नालाल जैन, देवराज अरोरा, सुरेश मोतियानी, भाजपा नेता मनोज कटारे मौजूद रहे।

### आंगनबाड़ी के बच्चों का शत-प्रतिशत स्कूल प्रवेश कराने के निर्देश

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों से पासआउट सभी बच्चों का शत-प्रतिशत स्कूलों में प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए विशेष अभियान चलाया जाए। अधिकारियों को भ्रमण के दौरान क्रॉस मॉनिटरिंग कर मौके पर सत्यापन करने के निर्देश दिए गए। पंजी में बच्चों की पूरी जानकारी दर्ज करने और घुमक्कड़ व अर्द्ध घुमक्कड़ परिवारों के बच्चों पर विशेष ध्यान देने को कहा गया, ताकि वे शिक्षा की मुख्यधारा से न छूटें।

## निर्माण की मांग को लेकर किसानों ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

# नहर निर्माण के लिए 13 साल पहले मिली स्वीकृति, काम अब तक शुरू नहीं हो सका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

ग्राम पंचायत डफरयाई के सैकड़ों किसान सोमवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर शमशाबाद एसडीएम कार्यालय पहुंचे।

किसानों ने तहसीलदार प्रेमलता पाल को जल संसाधन मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर स्वीकृत नहर का शीघ्र निर्माण कराने की मांग की। ज्ञापन में किसानों ने बताया कि संजय सागर बांध से लिफ्ट इरिगेशन के माध्यम से डांगरवाड़ा, रुसल्ली गांव से होती हुई डफरयाई गांव तक करीब 12 से 13 वर्ष पूर्व सिंचाई विभाग द्वारा ग्राम डफरयाई में नहर निर्माण की स्वीकृति दी गई थी व



किसानों को खेतों का मुआवजा भी दिया जा चुका है। इसके बावजूद 13 वर्ष में आज तक नहर का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया, नहर का निर्माण न होने से गांव के किसानों को सिंचाई के लिए लंबी दूरी से मोटर के माध्यम से खेतों में पानी लाना पड़ता है, जिसमें हर वर्ष कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नाराज किसानों ने एसडीएम कार्यालय परिसर में नारेबाजी करते हुए प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही नहर निर्माण प्रारंभ नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन और धरना-प्रदर्शन करने मजबूर होंगे।

## सर्वधर्म समभाव व्याख्यानमाला की पांचवी संगोष्ठी आयोजित हुई

# वेदों, उपनिषदों के ऐतिहासिक विकास व उनका समाज पर पड़ने वाले प्रभाव की विस्तृत रूप रेखा प्रस्तुत की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

गांधी सुमिरन मंच और जिला सर्वोदय मंडल के तत्वावधान में मां हॉस्पिटल सभागार में सर्वधर्म समभाव व्याख्यानमाला के पांचवी संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसका विषय था, हमारी उपनिषद।

मुख्य वक्ता के रूप में केएन शर्मा पूर्व प्राचार्य डाइट को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ, गांधी एवं विनोबा के छाया चित्र पर सूत्र की माला का माल्यार्पण कर किया गया। स्वागत भाषण डॉ सुरेश गर्ग द्वारा प्रस्तुत किया गया। विषय की प्रस्तावना डॉ परमानंद मिश्र के





द्वारा प्रस्तुत किया गया। डॉ मिश्र ने वेदों से लेकर उपनिषदों के ऐतिहासिक विकास और उसका समाज पर पड़ने वाले प्रभाव का विस्तृत रूप रेखा प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता ने अपने भाषण का प्रारंभ संविधान और सरकार द्वारा उपनिषद के प्रभाव एवं स्वीकार किए गए सूत्र , सत्यमेव जयते, से किया। विभिन्न उपनिषद में दिए गए महत्वपूर्ण सूत्रों के संदेश का उल्लेख प्रस्तुत किया। महात्मा गांधी के उपनिषदों के प्रति दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हुए यह बताया कि गाँधी के लिए ईशावास्य उपनिषद उनके आध्यात्मिक मार्गदर्शन उनके जीवन जीने के नैतिक सिध्दांतों का प्रमुख स्रोत था। वे उपनिषद से ईश्वर की सर्वव्यापकता, सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह के विचार को स्वीकार किया, जो उनके सत्याग्रह ओर टस्टीशिप का आधार बना। ईशावास्य उपनिषद के संबंध में गांधी का विश्वास था कि हिन्दू धर्म के शास्त्र नष्ट हो जाएं और केवल ईशावास्य उपनिषद बचा रहे तो भी हिन्दू धर्म जीवित रहेगा। अंत में उपस्थित श्रोताओं द्वारा उपनिषद से सम्बन्धित प्रश्नों और जिज्ञासा का मुख्य वक्ता श्री शर्मा द्वारा और डॉ मिश्रा द्वारा उत्तर दिया गया। जिला सर्वोदय मंडल के जिला अध्यक्ष प्रो. अरविंद द्विवेदी ने गांधी जी के प्रिय भजन एवं सर्व धर्म प्रार्थना का गायन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो केके पंजाबी ने किया। आभार सर्वोदय मंडल के उपाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने माना। इस अवसर पर डॉ कुसुम गर्ग, सुलखान सिंह हाडा, अशोक श्रीवास्तव, हरगोविंद मैथिल, नरेंद्र ठाकुर, डॉक्टर सचिन गर्ग, धर्मनारायण चतुर्वेदी, आशुतोष व्यास, विनोद पटैरिया, कमलेश दुबे आदि मौजूद रहे।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3610
उच्चतम भाव-5775
सरसों
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-7200
चना
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-5480
मसूर
न्यूनतम भाव-5100
उच्चतम भाव-8040
शरबती
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-4310
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2050
उच्चतम भाव-2970
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2080
उच्चतम भाव-2350
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-3061
अलसी
न्यूनतम भाव-7000
उच्चतम भाव-7000
धनिया
न्यूनतम भाव-9000
उच्चतम भाव-11700
धान
न्यूनतम भाव-2990
उच्चतम भाव-4500
बटरी
न्यूनतम भाव-2730
उच्चतम भाव-4210
मटर
न्यूनतम भाव-3400
उच्चतम भाव-3800
मेथीदाना
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-5200
मक्का
न्यूनतम भाव-1475
उच्चतम भाव-1580
मूंग
न्यूनतम भाव-4140
उच्चतम भाव-4140
तुअर
न्यूनतम भाव-5750
उच्चतम भाव-5900

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 35859 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में वात्सल्य स्कूल में विशेष जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत राहवीर योजना, कैशलेस उपचार योजना एवं हिट एंड रन पीड़ित प्रतिकर योजना को लेकर जागरूक किया गया।

अभियान के दौरान लगभग 100 से अधिक छात्र, छात्राओं एवं स्कूल स्टाफ को सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली जनहानि तथा इसे रोकने हेतु सड़क सुरक्षा के नियमों जैसे दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करना, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाना, वाहन चलाते वक्त मोबाइल का इस्तेमाल न करना, ओवर स्पीड से वाहन ना चलाना, रोड क्रॉस करते समय जेब्रा क्रॉस का उपयोग करना, यातायात संकेतों का पालन करना, नशे में वाहन न चलाना आदि का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही स्कूल स्टॉफ एवं छात्र, छात्राओं को राहवीर योजना, कैशलेस उपचार योजना एवं हिट एंड रन पीड़ित प्रतिकर योजना की जानकारी प्रदान कर दुर्घटना की स्थिति में सहायता एवं कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वह यातायात नियमों का पालन करें, स्वयं की एवं दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

## अधिकारी कह रहे लिखित शिकायत पर होगी कार्रवाई

# नगर में नहीं किया जा रहा है नई आबकारी नीति का पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गत 1 अप्रैल से नई आबकारी नीति के तहत शराब दुकानों की नीलामी हो गई है। नगर की कुछ शराब दुकानों को पुराने ही ठेकेदारों ने ठेके पर ले लिया है, लेकिन वह दुकान का संचालन नई आबकारी नीति 2026-27 के अनुसार नहीं कर पा रहे हैं। आबकारी अधिकारी भी इन दुकानों का संचालन नई आबकारी नीति से कराने में कोई रूचि नहीं ले रहे हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश की नई आबकारी नीति 2026-27 के अनुसार, अब नई शराब दुकानें नहीं खुलेंगी और पुराने ठेकों का नवीनीकरण नहीं होगा। दुकानों से जुड़े 'आहाता' बैठकर पीने की जगह प्रतिबंधित कर दिए गए हैं और अब केवल एक दुकान प्रति बोलीदाता का नियम लागू है। शराब की बिक्री के लिए पीओएस मशीन अनिवार्य कर दी गई है। इन सभी नियमों के तहत शराब दुकानों से शराब की बिक्री की जानी है। फिलहाल आबकारी विभाग के अधिकारी नई आबकारी नीति के नियम अनुसार क्षेत्र में कार्रवाई नहीं कर रहे। दुकान बदलने के लिए मुख्य नियम और प्रक्रिया शराब ठेकेदार को नए स्थान पर शराब दुकान खोलने या स्थान परिवर्तन के लिए दुकान मालिक को जिला आबकारी अधिकारी को लिखित आवेदन देना होगा, जिसमें नए स्थान पर जाने का कारण बताना अनिवार्य है। नई जगह पर दुकान शिफ्ट करने से पहले जिला आबकारी अधिकारी से साइट प्लान की पूर्व स्वीकृति लेना आवश्यक है। दुकान को शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक स्थलों, या नेशनल, स्टेट हाईवे से निर्धारित दूरी पर होना चाहिए। आमतौर पर दुकान को उसी जोन के भीतर स्थानांतरित किया जा सकता है, उससे बाहर नहीं। ग्रामीण क्षेत्रों में लाइसेंस धारक को जोन के भीतर दुकान शिफ्ट करने की स्वतंत्रता हो सकती है, लेकिन इसके लिए भी अनुमति की आवश्यकता होती है। यदि वर्तमान स्थान पर किसी कानून-व्यवस्था की समस्या के कारण दुकान बंद करनी पड़ रही है, तो विशेष मंजूरी के साथ स्थान बदला जा सकता है। लेकिन नगर में आबकारी विभाग इस नई नीति का पालन कराने या नई नीति के अनुसार दुकान संचालन नहीं करवा पा रहा है। आबकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को भी इस बारे में अवगत कराया जा चुका है,लेकिन वे कार्रवाई करने में असमर्थ बने हुए हैं। आबकारी उप निरीक्षक रविशंकर धाकड़ का कहना है कि हमें लिखित में शिकायत मिलेगी तो कार्रवाई करेंगे। जबकि बात शिकायत की नहीं नियम की है। शासन स्तर पर बनाये गये नियमों का पालन अधिकारी क्यों नहीं कर पा रहे यह एक बड़ा सवाल है, जो विभाग की कार्य प्रणाली को भी संदेह के दायरे में लाता है, हालाकि इस पूरे मामले की शिकायत जिला कलेक्टर अंशुल गुप्ता से भी की गई है और उनके संज्ञान में मामला आने के बाद जागरूक नागरिकों को कार्रवाई का भरोसा है।

**इनका कहना है...**

*आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है, इस प्रकरण में उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना और अनुमति लिए बिना कोई भी दुकान स्थानांतरित नहीं की जाएगी।*

*अंशुल गुप्ता*
*कलेक्टर विदिशा*

# सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय में हुआ परीक्षा का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सत्र 2025-2026 की 'बी' प्रमाणपत्र परीक्षा का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति के मार्गदर्शन में आयोजित इस परीक्षा में उन स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया जिन्होंने 240 घंटे का श्रमदान और सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर पूर्ण किया था। परीक्षा लिखित एवं मौखिक दो चरणों में संपन्न हुई। निर्णायक मंडल में बाह्य निरीक्षक के रूप में दिनेश कुमार ओझा उपस्थित रहे तथा आंतरिक समिति से डॉ. पुष्पा वर्डे और व्यक्ता सिवली अहिरवार उपस्थित रहीं। इन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं से एनएसएस की कार्यप्रणाली और समाज सेवा से संबंधित विषयों पर प्रश्न पूछे। प्राचार्य डॉ अनामिका प्रजापति ने सभी परीक्षार्थियों का उत्साहवर्धन किया। परीक्षा का संचालन एनएसएस अधिकारी शिव कुमारी रघुवंशी के निर्देशन में हुआ है।

## मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने की विकसित भारत पर चर्चा

**गंजबासौदा।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ की ऑनलाइन बैठक का आयोजन गत दिवस प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में एक विस्तृत "संकल्प पत्र" भी साझा किया गया, जो इस बैठक की खास पहचान बनकर उभरा। इसमें छुआछूत और भेदभाव खत्म करने, हर बच्चे तक शिक्षा पहुंचाने, नशा मुक्त भारत बनाने, पर्यावरण की रक्षा करने और सभी धर्मों के बीच भाईचारा मजबूत करने जैसे महत्वपूर्ण संकल्प शामिल थे। संकल्प पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया कि देश को दंगा, हिंसा और आतंकवाद से मुक्त रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। कादरी ने जोर देकर कहा कि जब समाज एकजुट और जागरूक रहेगा, तभी देश मजबूत बनेगा और हर चुनौती का सामना कर सकेगा। बैठक में "विकसित भारत 2047" के लक्ष्य पर भी विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि अगर भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, तो शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक समरसता पर समान रूप से ध्यान देना होगा। युवाओं की भूमिका को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा गया कि उन्हें सही दिशा और अवसर देना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। बैठक मे शीघ्र ही प्रतिवर्ष दिए जाने वाले इन्द्रेश कुमार सेवा सम्मान सहित अन्य क्षेत्रों में विशिष्ट सेवाओं के लिऐ कार्य करने वालों को सम्मानित करने सहित प्रतिभावान बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरण करने, पशु पक्षियों के लिऐ सकोरा व दाने का कटोरा पेड़ो पर टांगने, प्यासे मवेशी के लिऐ जल पात्र रखने व सबील लगाने के प्रस्ताव भी पारित किए गए। बैठक में विदिशा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, शमशाबाद, नटेरन, मंडी बामोरा, ग्यारसपुर, हैदरगढ, महलपुर पाठा, फतेहपुर, मेहलुआ चौराहा सहित जिले के पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चित्रकला प्रदर्शनी आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नवांकुर विद्यापीठ में इको क्लब के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण पर आधारित चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से सर्वश्रेष्ठ 8 विद्यार्थियों को इको फ्रेंडली पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रातः कालीन सत्र में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें 100 विद्यार्थियों ने सहभागिता की तथा घर-घर जाकर वार्ड के निवासियों को चार तरह के कचरे का पृथक पृथक रूप से निपटारा करने के बारे में बताया गया ,कचरे वाली गाड़ी में ही कचरा डालने की हिदायत दी गई। इस दौरान नगर पालिका का स्वच्छता वाहन भी रैली के साथ-साथ चलता रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित, इको क्लब प्रभारी संजीव कुशवाह, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी अभिषेक मिश्रा, केशव लाहौरी, विनय सोनी, संदीप रावत रैली में उपस्थित थे। विद्यार्थियों द्वारा इस दौरान प्रकृति के दुश्मन तीन, पाउच, पानी, पॉलीथिन आदि नारों से वातावरण गूंज उठा।

## खबर संक्षेप

### युवक का उपचार जारी



**गंजबासौदा।** सोमवार को अभिषेक अहिरवार निवासी मटयाई थाना त्योंदा ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा ली। जिसकी सूचना परिजनों ने त्योंदा पुलिस को दी, सूचना मिलने के तुरंत बाद 112 के राजेंद्र मिश्रा, पायलेट सोनू शर्मा मौके पर पहुंचे और फांसी लगा रहे युवक की रस्सी काट दी। जिससे युवक की जान बच गई। जिसे उपचार के लिए त्योंदा सामुदायिक केन्द्र भेजा गया। समाचार लिखे जाने तक युवक का उपचार जारी है।

## दूसरे दिन भी कई घंटे बिजली रही बंद



**गंजबासौदा।** नगर में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आए दिन रख रखाव के चलते विद्युत प्रदाय बंद कर दिया जाता है। जिससे नगरवासियों को गर्मी के मौसम में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों का कहना है कि गर्मी के मौसम में घण्टों तक बिजली की कटौती की जा रही है जिससे विद्युत आधारित व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं। साथ ही बिजली के अभाव में पंखा, कूलर, एसी बंद होने से नगरवासियों को कई घण्टों तक बगैर बिजली के समय काटने को मजबूर होना पड़ रहा है। सोमवार को 11 केव्ही राजेंद्र नगर फीडर पर आवश्यक रख रखाव एवं सुधार कार्य किए जाने के चलते सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली प्रदाय बंद रहा। इस दौरान रखरखाव कार्य के अंतर्गत पेड़ कटिंग, जंपरिंग, लाइन सुधार एवं अन्य आवश्यक तकनीकी कार्य संपादित किए जाने के कारण राजेंद्र नगर, पचमा चौराहा, सिटी सेंटर एवं त्योंदा रोड क्षेत्र एवं आसपास के संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति निर्धारित समय तक बंद रही।

# सेवा भारती इकाई की भजन प्रतियोगिता संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सेवा भारती विदिशा इकाई द्वारा गत दिवस भजन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें जिले से 15 भजन मंडलियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मध्य भारत प्रान्त सेवा भारती के अध्यक्ष डॉ. डी.एस. बिन्द्रा ने संबोधित करते हुए सभी को सेवा भारती से जुड़ने का आवाहन किया। सेवा भारती की कार्यक्रमों से समाज में समरसता बढ़ रही है, स्थानीय कलाकारों को मंच भी मिल रहा है। कार्यक्रम सेवा भारती के प्रांत सचिव राजेश जैन, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी, पार्षद अंशलेखा भावसार, राजकुमारी रघुवंशी, मनीष गोयल, शुभ्रा डागा, विभाग समन्वयक राजेश भार्गव, जिला प्रमुख राजेश माथुर, मयंक टांक, अबतार सिंह, संजीव माथुर, वर्षा अग्रवाल, राजबाला, नगर प्रमुख सावन अग्रवाल, माधव सुहाने सहित सभी टोली के सदस्य मौजूद रहे।

## आज निकलेगी रामकथा की कलश यात्रा

# अक्षय तृतीय पर मूड़रीधाम पर 31 जोड़ों का होगा नि:शुल्क विवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर इस बार समीपस्थ श्री राम जानकी मंदिर, मूड़री धाम में 20 अप्रैल को 31 जोड़ों के निशुल्क सामूहिक विवाह किए जा रहे हैं। इस उपलक्ष्य में सात दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन होगा। जिसकी भव्य कलश यात्रा मंगलवार को मूड़री धाम में निकाली जाएगी। जिसकी तैयारियां जोर-शोर से प्रारंभ हो गई हैं। सामाजिक समरसता और सेवा का यह अनूठा संगम कई वर्षों बाद अब फिर से गरीब कन्याओं के निशुल्क विवाह के आयोजन के रूप में दिखाई देने जा रहा है। आश्रम के पूर्व महंतों द्वारा प्रारंभ की गई इस पुण्यदायी परंपरा को फिर से आश्रम के महंत परशुराम दास जी महाराज द्वारा प्रारंभ किया जा रहा है, जिसमें सभी वर्गों की कन्याओं का विधि-विधान से विवाह संपन्न कराया जाएगा। पहली बार आश्रम परिसर में इतने व्यापक स्तर पर यह आयोजन हो रहा है, जिसे लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो चुकी हैं। विवाह आयोजन से पूर्व धार्मिक वातावरण में संगीतमय श्री रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरुआत के लिए मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करेंगे। यात्रा प्रमुख मार्गों से होती हुई कथा स्थल पहुंचेगी, जहां विधिवत पूजन के साथ कथा का शुभारंभ होगा। कथा के दौरान प्रतिदिन श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होंगे। संगीतमय राम कथा का वाचन चित्रकूट से पधार रहे कथा वाचक लोकेन्द्र दास महाराज द्वारा किया जाएगा।

श्री राम जानकी मंदिर मूडरीधाम आश्रम के महंत परशुराम दास महाराज ने बताया कि भक्तों के सहयोग से विवाह में विदिशा, गंजबासौदा, सागर, उदयपुर, त्योंदा तहसील से शामिल होने वाले 31 जोड़ों को आश्रम एवं श्रद्धालुओं की ओर से गृहस्थी का संपूर्ण आवश्यक सामान निशुल्क प्रदान किया जाएगा, ताकि नव विवाहित जोड़े अपने जीवन की नई शुरुआत आत्मसम्मान के साथ कर सकें। यह पहल न केवल जरूरतमंद परिवारों के लिए संबल बनेगी, बल्कि समाज में सहयोग और संस्कारों का संदेश भी देगी। मूड़री धाम में पूर्व में भी संतों और महंतों द्वारा गरीब कन्याओं के विवाह कराए जाते रहे हैं। समय के साथ यह परंपरा कुछ समय के लिए थम गई थी, लेकिन अब महंत 108 परशुराम दास जी महाराज के सान्निध्य में इस पुनीत परंपरा को पुनः प्रारंभ किया गया है। इससे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। मंदिर की आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस पुण्य कार्य में सहभागी बनें और 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर आयोजित निशुल्क विवाह सम्मेलन में सम्मिलित होकर नवयुगलों को आशीर्वाद प्रदान करें।

## फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

**गंजबासौदा।** नगर के सिंधी कॉलोनी में सोमवार सुबह 25 वर्षीय वैष्णवी अहिरवार का शव उनके कमरे में फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है और प्रारंभिक तौर पर इसे आत्महत्या का मामला बताया है। वैष्णवी ने रात के समय अपने कमरे में पंखा लगाने के लिए लगे लोहे के सरिया से कपड़े का फंदा बनाकर आत्महत्या की। सोमवार सुबह जब परिजनों ने दरवाजा खटखटाया और अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तब पुलिस को सूचना दी गई। महिला की शादी लगभग चार साल पहले आकाश अहिरवार से हुई थी और उनके दो बच्चे हैं। घटना के समय महिला कमरे में अकेली थी। पुलिस अभी तक आत्महत्या के सटीक कारणों का पता नहीं लगा पाई है। सूचना मिलने पर एसडीओपी शिखा भलावी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सरकारी अस्पताल में कराया है। अधिकारियों ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है ताकि कारणों का पता चल सके।

# घर-घर पीले चावल देकर गौ सम्मान आंदोलन का दे रहे निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गौ माता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने और उसके संरक्षण के लिए चल रहे राष्ट्रव्यापी आंदोलन के अंतर्गत नगर में गौ सम्मान को लेकर वातावरण धीरे-धीरे जनआंदोलन का रूप लेता नजर आ रहा है। 27 अप्रैल को प्रस्तावित गौ सम्मान पदयात्रा और जनजागरण मार्च के लिए गौ सेवक अब घर-घर पहुंचकर पीले चावल देकर नागरिकों को आमंत्रित कर रहे हैं।

पारंपरिक तरीके से दिया जा रहा यह निमंत्रण लोगों के बीच विशेष आकर्षण और भावनात्मक जुड़ाव का केंद्र बन रहा है। एक दिन पूर्व नगर के गौ भक्तों और संतों के बीच स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में आयोजित हुई बैठक में तय किया गया था कि 27 अप्रैल तक नगर में घर-घर तक गौ माता के लिए चल रहे आंदोलन में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित किया जाएगा। नगर से 15 हजार हस्ताक्षर कराने का लक्ष्य रखा गया है और अभियान से जुड़े व्हाट्सएप नंबर पर मिस कॉल देकर इस राष्ट्रव्यापी आंदोलन से जुड़ने में अपनी सहमति कराई जा रही है। निस्वार्थ गौ सेवा समिति के संचालक लालू महाराज ने बताया कि अभियान के अंतर्गत गौ सेवकों की टोलियां मोहल्लों और वार्डों में पहुंचकर न केवल लोगों को आंदोलन की जानकारी दे रही हैं, बल्कि दीवारों पर पोस्टर चिपकाकर जनजागरण अभियान भी चला रही हैं। इसके साथ ही नागरिकों से 27 अप्रैल को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर गौ माता के सम्मान में निकल जा रही जन जागरण रैली और ज्ञापन में शामिल होने के लिए अपनी सहभागिता निभाने की अपील की जा रही है। आयोजन से जुड़े कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह केवल एक पैदल मार्च नहीं, बल्कि गौ संरक्षण और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को पुनः स्थापित करने का प्रयास है। समाज के सभी वर्गों को जोड़ने के लिए विशेष रूप से व्यक्तिगत संपर्क अभियान चलाया जा रहा है, ताकि हर घर तक इस पुनीत उद्देश्य का संदेश पहुंचे। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे इस जनसंपर्क अभियान को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। लोग न केवल आमंत्रण स्वीकार कर रहे हैं, बल्कि स्वयं भी आगे बढ़कर इस अभियान का हिस्सा बनने की इच्छा जता रहे हैं। आयोजकों का लक्ष्य है कि 27 अप्रैल को निकलने वाला यह मार्च जनसैलाब में परिवर्तित हो और गौ सम्मान का संदेश पूरे क्षेत्र में प्रभावी रूप से पहुंचे।

## खबर संक्षेप

### 5 छात्रों का माइनिंग ऑफिसर पद पर चयन

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्व विद्यालय के अनुप्रयुक्त भूविज्ञान विभाग ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, जहाँ इसके पाँच एम.टेक. छात्रों का चयन मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से प्रतिष्ठित माइनिंग ऑफिसर पद के लिए हुआ है। माइनिंग ऑफिसर परीक्षा 2024 के लिए 16 मार्च 2026 को जारी आधिकारिक चयन सूची (मुख्य सूची) के अनुसार, विभाग के कई उम्मीदवारों ने मध्य प्रदेश शासन के खनिज संसाधन विभाग में माइनिंग ऑफिसर के रूप में सफलता प्राप्त की। मुख्य चयन सूची में शामिल उम्मीदवारों में आशुतोष, ऋतु, रोहित वर्मा, संजीत कुमार धुर्वे और यामिनी उइके शामिल हैं।

### निगमाध्यक्ष ने संभागायुक्त को ज्ञापन सौंपा

**सागर।** नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिर वार ने संभागायुक्त अनिल सुचारी को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि संविधान निर्माता डॉ बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय समारोह एवं हितग्राही सम्मेलन में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित न करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जावे। निगम अध्यक्ष ने संभागायुक्त को दिए गए ज्ञापन में लेख किया है कि शासन निर्देशानुसार भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय समारोह एवं हितग्राही सम्मेलन का आयोजन पद्माकर सभागार मोतीनगर में किया जा रहा हैं। कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

## पैक्स संस्थाओं के कार्यालयों में समय पर नहीं खुलते ताले

# एक निजी बिल्डिंग में संचालित हो रहे चार पैक्स कार्यालय

### किसान घंटों करते इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सिरोंज क्षेत्र में सहकारिता विभाग की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल खड़े हो रहे हैं। यहां पैक्स प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के संचालन में गंभीर लापरवाही सामने आई है, जहां निर्धारित समय पर कार्यालय नहीं खुलने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार कलेक्टर अंशुल कुमार गुप्ता द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पैक्स कार्यालयों को नियमित एवं समयबद्ध तरीके से संचालित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद सिरोंज में कई समितियां अब भी नियमों को ताक पर रखकर काम कर रही हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि क्षेत्र की चार पैक्स संस्थाओं के कार्यालय सीसीबी बैंक के सामने एक निजी भवन में संचालित किए जा रहे हैं, जबकि इन्हें अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में कार्य करना चाहिए। इससे किसानों को अनावश्यक दूरी तय करनी पड़ती है और व्यवस्थाएं भी प्रभावित हो रही हैं।

सोमवार को मीडिया ने मौके पर पहुंचकर किसानों से जमीनी हकीकत जानी। इस दौरान दोपहर करीब 11:30 बजे तक कई किसान कार्यालयों के बाहर खड़े होकर ताला खुलने का इंतजार करते नजर आए। स्थिति यह रही कि देहरी और तरवरिया सोसाइटी के कार्यालय ही खुले मिले, जबकि भौंरा और करैया हाट सोसाइटी के कर्मचारी कार्यालय खोलने के बजाय



बाहर बैठकर आपस में बातचीत करते दिखाई दिए।

#### कृषि कार्य होता है प्रभावित

भौंरा सोसायटी की महिला कृषक रामप्यारी बाई और अन्य किसान सोसायटी के कार्यालय खुलने का इंतजार करते रहे। वही करैया हाट सोसायटी के कृषक कंछेदी और अन्य किसान भी सोसायटी कार्यालय के ताले खुलने का इंतजार करते मिले। कर्मचारी राहुल नामदेव इस दौरान मीडियाकर्मियों को कैमरा बंद करने के लिए धौंस दिखाने लगे रहें। मीडिया से बातचीत में किसानों ने बताया कि उन्हें खाद, बीज, ऋण एवं अन्य जरूरी कार्यों के लिए समय पर कार्यालय खुलना बेहद जरूरी होता है, लेकिन कर्मचारियों की लापरवाही के कारण उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ता है। इससे न केवल समय की बर्बादी होती है, बल्कि कृषि कार्य भी प्रभावित होते हैं। यह स्थिति सहकारिता विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी प्रश्नचिन्ह खड़े करती है। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो किसानों की समस्याएं और बढ़ सकती हैं। वही अब देखना होगा कि जिला प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और लापरवाह कर्मचारियों पर क्या कार्रवाई की जाती है।

#### कैश की कमी और अव्यवस्था से घंटों भटके किसान

सोमवार को सीसीबी बैंक के बाहर किसानों की भारी भीड़ देखने को मिली, जहां किसान केसीसी ऋण राशि प्राप्त करने के लिए घंटों बैंक के बाहर खड़े रहे। अव्यवस्थित व्यवस्थाओं और कैश की कमी ने किसानों की परेशानी को और बढ़ा दिया। जानकारी के अनुसार बैंक में पर्याप्त कैश उपलब्ध न होने के कारण भुगतान की प्रक्रिया धीमी रही, जिससे दूर-दराज से आए किसानों को लंबा इंतजार करना पड़ा। कई किसानों ने बताया कि सुबह से लाइन में लगने के बावजूद अब बैंक में कैश नहीं होने के चलते उन्हें राशि नहीं मिल सकी। वहीं दूसरी ओर, किसानों की समस्या का एक बड़ा कारण पैक्स (सहकारी समितियों) के कार्यालयों का सिरोंज में सीसीबी बैंक के सामने स्थित एक निजी बिल्डिंग में संचालित होना भी है। सोसायटियों से जुड़े कार्यों जैसे ऋण राशि की जानकारी, दस्तावेजों की पुष्टि एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं के लिए किसानों को बार-बार इधर-उधर भटकना पड़ता है। किसानों का कहना है कि यदि समितियों के कार्यालय अपने-अपने क्षेत्रों में व्यवस्थित रूप से संचालित हों, तो उन्हें इस तरह की अनावश्यक भागदौड़ का सामना नहीं करना पड़े। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि बैंक में पर्याप्त कैश की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और पैक्स संस्थाओं के ग्रामीण कार्यालयों को सुव्यवस्थित किया जाए जिससे अनावश्यक किसानों को भागदौड़ ना करना पड़े।

#### निर्देश जारी करेंगे

संस्थाओं का कार्यालय ग्रामीण क्षेत्रों में ही संचालित होना चाहिए, पूर्व में भी विभाग द्वारा निर्देश दिए गए हैं हम फिर निर्देश जारी कर रहे हैं।

ध्रुव कुमार झारिया,
उप पंजीयक सहकारिता विदिशा।



## रेंजर और बाबू 50 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार, लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

जिले के बंडा में लोकायुक्त पुलिस ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। टीम ने वन परिक्षेत्र बंडा के रेंजर विकास सेठ और बाबू जयप्रकाश तिवारी को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई निजी खेत में लगे पेड़ की कटाई और लकड़ी परिवहन के लिए टीपी जारी करने के बदले की गई है।

#### मामले का विवरण

मकरोनिया के ज्योतिनगर निवासी फरियादी विजय सिंह राजपूत ने लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराई थी। फरियादी के अनुसार, उनके खेत में लगे पेड़ों को कटवाने और लकड़ी परिवहन के लिए वन विभाग से टीपी प्राप्त करने के एवज में रेंजर और बाबू द्वारा 50 हजार रुपये की मांग की जा रही थी।

#### कार्रवाई की प्रक्रिया

शिकायत के सत्यापन के बाद लोकायुक्त टीम ने आज सोमवार को वन परिक्षेत्र कार्यालय बंडा में दबिश दी। जैसे ही रेंजर विकास सेठ और लिपिक (बाबू) जयप्रकाश तिवारी ने रिश्वत की राशि स्वीकार की, टीम ने उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। आरोपियों के पास से रिश्वत की राशि बरामद कर ली गई है। बंडा के साथ रेंजर विकास के पास सागर का भी चार्ज हैं। इस पूरी कार्रवाई को लोकायुक्त के निरीक्षक रंजीत सिंह, निरीक्षक कमल सिंह और ट्रैप दल के सदस्यों द्वारा अंजाम दिया गया। फिलहाल भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



## गोपाल भार्गव ने 25 मरीजों को बेहतर उपचार हेतु भोपाल के लिए भेजा

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में रविवार को पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के निज निवास गणनायक से 25 मरीजों को उनके परिजनों सहित एम्बुलेंस एवं बस के माध्यम से बेहतर उपचार हेतु भोपाल के लिए रवाना किया गया। अभिषेक भार्गव ने बताया कि इन मरीजों में 05 माह के मानविक पिता जगदीश, सुरखी, जिला दमोह एवं 02 माह के उत्कर्ष पिता भूपेंद्र, बुडेरा, शाहगढ़ शामिल हैं। जिनके हृदय में छेद की गंभीर समस्या है।

## नगर निगम की वाहन रैली के माध्यम से दिया गया स्वच्छता जागरूकता संदेश

**सागर।** सागर को स्वच्छता में नंबर-1 बनाने हेतु प्रत्येक सागरवासी की महत्व पूर्ण भूमिका को ध्यान में रखकर नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने और सफाई मित्रों की स्वास्थ्य सुरक्षा व सम्मान का उद्देश्य लेकर नगर पालिक निगम सागर द्वारा स्वच्छता स्वाभिमान अभियान 2026 के तहत विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया। विधायक शैलेन्द्र जैन और महापौर संगीता सुशील तिवारी ने निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण के साथ हरी झंडी दिखाकर वाहन रैली को रवाना किया। महापौर संगीता तिवारी और निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ सागर स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री के नेतृत्व में जागरूकता वाहन रैली संजयड्राइव रोड किनारे नवनिर्मित घाट से प्रारम्भ होकर शहर भर से होते हुए संविधान चौक पहुंची। रैली में स्वच्छता की गागर हमाओ सागर, मेरा चौराहा मेरा स्वाभिमान, मैं हूँ सागर नगर मित्र, मेरे शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सहयोग करें। घर से थैला खुद ले आएं पॉलीथिन को न अपनाएं। कचरा सड़क पर न फेकें, डस्टबिन का उपयोग करें। गीला सूखा कचरा अलग अलग नीले हरे डस्टबिन में डालेंगे। हर 3 वर्ष में सेप्टीक टेंक की सुरक्षित सफाई निगम की मशीनों द्वारा कराने हेतु हेल्पलाइन नंबर 14420 पर कॉल करें। पॉलीथिन का उपयोग करना प्रतिबंधित है सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें आदि संदेशों की तखतियों को हांथों में थाम कर जनप्रतिनिधि व निगमकर्मीयों ने जनजन को स्वच्छता हेतु जागरूक किया।

## नवागत कलेक्टर प्रतिभा पाल कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित विभागों, शाखाओं का किया निरीक्षण

**सागर।** नवागत कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही प्रशासनिक कसावट लाने की कवायद शुरू कर दी है। इसी क्रम में उन्होंने कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित विभिन्न विभागों और शाखाओं का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि शासकीय कार्यों में लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालयों में वर्षों से लंबित पुरानी नस्तियों के त्वरित डिस्पोजल के निर्देश दिए गए ताकि रिकॉर्ड रूम को व्यवस्थित किया जा सके। इसी प्रकार भू-अर्जन से संबंधित प्रकरणों में उन्होंने समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने को कहा, ताकि विकास कार्यों में कोई बाधा न आए।

## भोंड़िया में श्री शिव महापुराण कथा का शुभांरभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

तहसील के बड़े ग्रामों में सुमार फोरलेन 45 के किनारे स्थित ग्राम भोडिय़ा में कलश शोभायात्रा निकाले के साथ श्री शिव महापुराण कथा का शुभांरभ हुआ।

ग्राम के मार्गों पर निकाली कलश शोभायात्रा का ग्रामीणों द्वारा स्थान-स्थान पर पुष्प वर्षा कर स्वागत, पूजन किया गया। ग्राम के श्रीराम जानकी मंदिर से सेंकड़ों



महिलाओं पुरुषों के साथ डीजे, बैंड बाजों के साथ शोभायात्रा प्रारंभ हुई। कथा स्थल पर शोभायात्रा का समापन हुआ। कथा आचार्य डॉ. पं. श्री अतुल कृष्ण भटेले, रोसरा वाले गुरुजी के सानिध्य में 12 से 18 अप्रैल तक कथा व्यास बाल विदुषी सुश्री क्षमा निली धमतरी छतीसगढ़ द्वारा प्रतिदिन श्री शिव महापुराण कथा के माध्यम से प्रमुख प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। भगवान शंकर की पूजा, साधना से मिलने वाले धर्म, लाभ शिव स्थानों का वर्णन किया जाएगा। चौधरी परिवार ने सभी धार्मिक श्रद्धालुओं से प्रतिदिन कथा श्रवण की अपील की है।

### लाखों का सामान जला, हुआ बर्बाद

## मंडी रोड पर इलेक्ट्रानिक्स और फर्नीचर गोदाम में लगी आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

कृषि उपज मंडी मार्ग पर एक गोदाम में अचानक आग लग जाने से गोदाम में रखा किमती फर्नीचर, इलेक्ट्रानिक्स सामान जलने से बर्बाद हो गया। न.प. की पहुंची दमकलों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

कृषि उपज मंडी रोड के दोनों ओर पक्के मकान बने हुए है। इन्ही मकानों में से एक पक्के मकान में साईं कृपा इलेक्ट्रानिक्स की गोदाम थी। जिसमें फर्नीचर, इलेक्ट्रानिक्स सामग्री फ्रिज, कूलर, टीवी, लकड़ी का फर्नीचर गद्दे सहित अन्य सामग्री भरी हुई थी। गोदाम में आग लगने की सूचना दुकान संचालक और फायर बिग्रेड को दी गई।

गोदाम का दरवाजा तोड़ कर आग बुझाने से पूर्व लगी आग से दुकान का अधिकांश सामान जलने, खराब और बर्बाद होने से लाखों का नुकसान हो गया। आग लगने का कारण भीषण गर्मी में दुकान के भीतर शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

## नगर परिषद कार्यालय में हुआ नारी शक्ति बहन कार्यक्रम आयोजित

### महिलाओं ने लाइव देखा सुना पीएम का उदबोधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

सोमवार को नगर परिषद कार्यालय में नारी शक्ति बहन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं नगर की महिलाओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य कार्यक्रम में दिए उदबोधन को देखा और सुना गया। नगर परिषद में हुए नारी



शक्ति बहन कार्यक्रम के मंच पर नगर परिषद की निर्वाचत एक भी महिला पार्षद की उपस्थिति न होना जरूर चर्चा का विषय बनी रही।

#### प्रधानमंत्री के लाइव कार्यक्रम को महिलाओं ने देखा


नारी शक्ति बहन कार्यक्रम को उपस्थित महिलाओं ने देखा सुना जिसमें महिलाओं की विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ती सक्रियता, भागीदारी के साथ संसद में नारी शक्ति बहन अधिनियम के द्वारा विधान सभाओं, लोकसभा में महिलाओं की मजबूत करने का प्रयास भाजपा द्वारा किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाइव कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, नगर की महिलाओं, सीएमओ हरिशंकर वर्मा, नगर परिषद के कर्मचारियों, पत्रकारों एवं नागरिकों की उपस्थिति रही।

## सेवानिवृत शिक्षक तिवारी ने दिल्ली में जीती शतरंज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

67 वर्षीय सेवा निवृत शिक्षक ओपी तिवारी ने दिल्ली में पीआर दत्ता मेमोरियल फीडे रेटेड रेपिड शतरंज प्रतियोगिता में वेस्ट वेटरन कैटेगिरी में प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। तिवारी पूर्व में प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर की शतरंज प्रतियोगिताओं में भाग लेकर खिताब जीत चुके है।

**नई दिल्ली के द्वारका सेक्टर 13 के अभिनव ग्लोवल स्कूल में हुई शतरंज प्रतियोगिता**



67 वर्षीय ओम प्रकाश तिवारी ने दिल्ली में शतरंज प्रतियोगिता जीत कर युवओं के लिए एवं अन्य शतरंज खिलाडिय़ों के लिए प्रेरणा श्रोत बन रहे है। इसी के साथ यह भी सिद्ध कर दिया कि जुनून के आगे उर्म कोई बाधा और मायने नहीं रखती। नई दिल्ली के द्वारका सेक्टर 13 स्थित अभिनव ग्लोवल स्कूल में आयोजित हुई शतरंज प्रतियोगिता में देश विदेश के 5 सौ से अधिक शतरंज खिलाडिय़ों ने भाग लिया।

श्री तिवारी ने अपने अनुभव और रणनीतिक कौशल के दम पर सभी खिलाडिय़ों को पछाड़ते हुए प्रतियोगिता में शीष स्थान प्राप्त किया। तिवारी म.प्र. शतरंज टीम के कप्तान भी रह चुके है। तिवारी के मार्ग दर्शन में युवा खिलाड़ी शतरंज भी सीख रहे है। तिवारी ने कहा कि अन्य राज्यों की तरह यहाँ भी खिलाडिय़ों को प्रोत्साहन और सुविधाएं मिलना चाहिए। जिससे राष्ट्रीय, अन्तराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर सके। दिल्ली में शतरंज प्रतियोगिता जीतने पर ओपी तिवारी को शतरंज खिलाड़ी नारायण राय प्रदीप रावत, पुनीत चाडक़ सहित अन्य खिलाडिय़ों ने बधाई दी है।

### पूर्णाहूति भंडारे में रही भक्तों की उपस्थिति

## लक्ष्मीनारायण यज्ञ, श्रीराम कथा का हुआ समापन

**भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन की कथा का वर्णन किया**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

रविवार को ग्राम खैरी मुगली में चल रहे श्रीलक्ष्मी नारायण यज्ञ एवं श्रीराम कथा का समापन हुआ। पूर्णाहूति महा आरती के साथ भंडारे का विशाल आयोजन में श्रद्धालु नर-नारियों की उपस्थिति रही।

चल रही श्रीराम कथा में कथा व्यास देवी रत्नमणी द्विवेदी ने श्रीराम रावण युद्ध, विभीषण को लंका का राजा बनाने और 14 वर्षो के वनवास के बाद श्रीराम के अयोध्या आगमन की कथा का वर्णन किया। कथा व्यास रत्नमणी द्विवेदी ने उपस्थित कथा श्रोताओं से दक्षिणा के रूप में एक बुराई छोडऩे का संकल्प लेने की मार्मिक आग्रह किया गया।

## बापौली धाम की गाय और नंदी कृषि मेला में बने रहे आकर्षण

### बापौली धाम में संस्कृत पाठशाला और गौशाला का संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

ब्रम्हलीन बड़े गुरुजी जी की तपस्या स्थली शिव बापौली धाम विन्ध्याचल पर्वत की तलहटी में बारना की वांयी मुख्य नहर के किनारे सिद्ध-प्रसिद्ध प्राचीन स्थान है। एक दशक से अधिक समय से जम्मू वाले लाल बाबाजी बापौली धाम में क्षेत्रवासी और सूर्योदय से सूर्यास्त तक मौन धारण कर वर्षो से तपस्या साधना कर रहे है।

बापौली धाम में संस्कृत पाठ शाला के साथ सर्व-सुविधायुक्त गौशाला का वर्षो से सफलतापूर्वक संचालक लाल बाबा जी की देख रेख में संचालन किया जा रहा है।

जिला मुख्यालय रायसेन में आयोजित 3 दिवसीय कृषि और




किसान मेला में बापौली धाम की गौशाला से पहुंची गाय और नंदी किसानों और पशु-पालकों के बीच आकर्षण का केन्द्र बने रहे। बापौली की गौशाला में मुख्यरूप से गिर नस्ल की गाय को रखा जाता है। गौशाला में गायों की सुविधा सेवा के लिए बड़े-बड़े कूलर लगे हुए है। कृषि मेला में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बापौली धाम की सजी धजी गाय और नंदी को देखा, प्रसंशा की और पशु पालकों से इसी प्रकार गौवंश को पालने सेवा का आग्रह किया।

# उन्नत कृषि मेले का समापन

## मेले में किसानों ने सीखे आधुनिक खेती के गुर | देशभर के किसान हुए शामिल



**गडकरी की सकारात्मक सहमति**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकर ने रायसेन रिंग रोड/पूर्वी बायपास के प्रस्ताव को आगे बढ़ाने, संबंधित डीपीआर तैयार करने, भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया राज्य सरकार द्वारा बढ़ाए जाने और पुलों के सौंदर्यीकरण संबंधी मांगों पर सकारात्मक सहमति व्यक्त की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में आयोजित तीन दिवसीय उन्नत कृषि मेले में देशभर से आए किसानों का उत्साह देखने लायक रहा। मेले में 350 से अधिक विभिन्न स्टॉल लगाए गए, जहां किसानों को उन्नत खेती के आधुनिक और लाभकारी तरीके सिखाए गए। इन स्टॉल पर खुरपी जैसे छोटे कृषि उपकरणों से लेकर आधुनिक ट्रैक्टर और हार्वेस्टर ड्रोन तकनीक डिजिटल एग्रीकल्चर प्राकृतिक खेती तक का प्रदर्शन किया, जिससे किसानों को नई तकनीक अपनाने की प्रेरणा मिली। मेले में न केवल नई तकनीकों की जानकारी दी गई, बल्कि करीब 4000 से अधिक किसानों ने केसीसी के लिए आवेदन कर रजिस्ट्रेशन भी कराया।

जम्मू-कश्मीर, गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब, हरियाणा, यूपी, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों से आए कृषि वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने रोजाना "खेती की पाठशाला" में भाग लेकर किसानों को उन्नत खेती, कम लागत में प्राकृतिक एवं जैविक खेती और बदलते जलवायु परिस्थितियों से निपटने के तरीके सिखाए।

सोमवार को शहर के दशहरा मैदान में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के महत्वपूर्ण उन्नत कृषि मेला महोत्सव मेला का भव्य समापन किया गया। किसी के नवाचार और किसानों की गरिमामय उपस्थिति के बीच कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन सत्र में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने जहां सड़क विकास, कृषि तकनीक, जल संरक्षण, वैकल्पिक ऊर्जा और ग्रामीण विकास समिति का व्यापक विजन रखा। वहीं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बीज से बाजार तक तैयार 4 जिलों के लागू कृषि रोड़मैप जमीन पर उतारने का दृढ़ संकल्प दोहराया।

### केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी की रायसेन को बड़ी सौगात...

# 'रिंग रोड' और पुलों के सौंदर्यीकरण कार्यों से सुसज्जित होगा अब रायसेन

4 हजार से अधिक किसानों ने केसीसी के लिए आवेदन कर कराया रजिस्ट्रेशन

देशभर से आए कृषि वैज्ञानिकों ने कृषि पाठशाला में सिखाई कम लागत की खेती




### कृषि मेला का समापन नहीं, नई ऊर्जा शुरुआत



उन्नत कृषि महोत्सव के भव्य समापन अवसर पर सोमवार को दोपहर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि उन्नत कृषि महोत्सव कोई कर्मकांड नहीं है बल्कि यह समापन नहीं बल्कि एक नई उन्नत कृषि की शुरुआत है उन्होंने कहा कि चार दिनों तक चल से इस आयोजन में अन्नदाताओं के लिए किसी पाठशाला से काम नहीं है या मिट्टी की महक मशीन की शक्ति नवाचार तकनीक और विकास का अद्भुत संगम देखने को मिला । श्री चौहान ने कहा कि क्षेत्र की माटी जलवायु जल उपलब्धता और संसाधनों के आधार पर बीज से बाजार तक का व्यवस्था रोड में तैयार किया है। उन्होंने कहा कि रोड मैप में तय किया है कि क्षेत्र में कौन-कौन सी फैसले फल सब्जियां मसाले वाली सब्जियां अच्छी हो सकती हैं उनके उत्पादन प्रोसेसिंग तथा मार्केटिंग की संपूर्ण योजना कैसे बनेगी।

## सुल्तानपुर मार्ग को हाईवे से जोड़ा जाएगा, इसके लिए सरकार प्रस्ताव बनाकर भेजे

तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के उन्नत कृषि महोत्सव के समापन सत्र में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राज्य मार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए रायसेन जिले को विकास की नई सौगात दी। उन्होंने रायसेन में रिंग रोड पूर्वी बाईपास के प्रस्ताव को आगे बढ़ाने संबंधित विजन तैयार करने भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया राज्य सरकार द्वारा बढ़ाई जाने और पुलों के सौंदर्यकरण संबंधी मांगों पर सकारात्मक सहमत व्यक्त की। उन्होंने यह कहा कि सुल्तानपुर रोड को हाईवे से जोड़ा जाएगा, इसके लिए सरकार से प्रस्ताव भेजने को कहा।

श्री गडकरी खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने पर जोर देते हुए बताया कि वे खुद भी आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर खेती करते हैं और वेस्ट वाटर को रीसाइकिल कर आय बढ़ा रहे हैं। मेरे घर के गंदे पानी को रिसाइकल कर विदेश की एक कंपनी यूरिया खाद बनाती है, जिससे मुझे 9 करोड़ रुपए की आमदनी प्राप्त हो रही है।

### गडकरी ने कहा - ज्ञान सबसे बड़ी शक्ति है और ज्ञान को संपत्ति में बदलना आज कृषि क्षेत्र की सबसे बड़ी जरूरत है

केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि वह कार्यक्रम में मंत्री के रूप में नहीं बल्कि किसान के रूप में आए हैं उन्होंने कहा की खेती का भविष्य अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वेदर स्टेशन सैटलाइट आधारित सूचना ड्रोन नैनो यूरिया और आधुनिक कृषि तकनीक से जुड़ चुका है इसलिए किसानों को समय के साथ किसी को बदलना होगा उन्होंने कहा कि ज्ञान सबसे बड़ी शक्ति है और ज्ञान को संपत्ति में बदलना आज खेती-बाड़ी की सबसे बड़ी जरूरत है उन्होंने किसानों से इनोवेशन रिसर्च सफल प्रयोग और तकनीक आधारित खेती को अपनाने का आव्हान किया ताकि कम लागत में उपज का सबसे अधिक उत्पादन हो सके।

### भारत देश दुनियाभर में फिर से विश्व गुरु...

केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि भारत देश दुनिया भर में फिर से विश्व गुरु बनेगा। देश सम्राट वैभवशाली गौरवशाली शक्तिशाली बनकर विश्व में उबलेगा गरीब गांव किसान और मजदूर समृद्ध होगा समय के साथ दुनिया बदल रही है तो क्यों ना हम खेती में भी बदलाव लाए।

### ये रहे प्रमुख रूप से उपस्थित

उन्नत कृषि महोत्सव मेला राजनीतिक, प्रशासनिक और कृषि जगत की बड़ी हस्तियों की मौजूदगी के कारण खासा चर्चित रहा। मंच पर केंद्रीय और राज्य स्तर के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, सड़क परिवहन एवं राज्यमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजस्व मंत्री करन सिंह वर्मा, स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा, जिप अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा, नपाध्यक्ष सविता जमना सेन, जनपद अध्यक्ष अर्चना सुनील पोर्ते सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### आधुनिक तकनीकों को अपनाकर खेती में उल्लेखनीय प्रगति की

कार्यक्रम में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा ने आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर खेती में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने "मेरी फसल मेरा ब्यौरा" पोर्टल का जिक्र करते हुए बताया कि इस योजना से किसानों को सीधे जोड़कर पारदर्शिता और लाभ सुनिश्चित किया गया है। साथ ही उन्होंने सूखे की स्थिति में धान की वैकल्पिक रोपाई तकनीकों और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया। हरियाणा सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती पर 30 प्रतिशत तक सब्सिडी देने की बात भी उन्होंने कही, जिससे लागत कम और आय में वृद्धि संभव है।

### सुरक्षा के तगड़े इंतजाम, चप्पे चप्पे पर तैनात रहे पुलिस जवान

सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से भी कार्यक्रम बेहद सख्त रहा। मेला प्रदर्शनी में बिना पास किसी को प्रवेश नहीं दिया गया। केंद्रीय मंत्रियों और अन्य वीआईपी की सुरक्षा के लिए रैपिड एक्शन फोर्स, सशस्त्र बलों और ब्लैक कमांडो तैनात रहे। पूरे कार्यक्रम स्थल पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की निगरानी रही, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कुल मिलाकर उन्नत कृषि महोत्सव ने किसानों को नई तकनीक, सरकारी योजनाओं और प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ एक संगठित और सुरक्षित आयोजन का उदाहरण प्रस्तुत किया।

### जल्द दूर होंगी रोडमैप की तकनीकी खामियां, देश में लागू होगा मॉडल

समापन अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि चार जिलों (रायसेन, विदिशा, सीहोर, देवास) के लिए तैयार किए कृषि रोडमैप में मौजूद तकनीकी खामियों को जल्द दूर किया जाएगा। इसके बाद इस मॉडल को पूरे देश के जिलों में लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा केंद्र और राज्य सरकार मिलकर खेती में नवाचार और आधुनिक तकनीकों के जरिए क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### क्षेत्र को हॉर्टिकल्चर हब रूप में करेंगे विकसित

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने उन्होंने कहा कि अच्छे बीच की जरूर को ध्यान में रखते हुए हर ब्लॉक में 20 ग्राम बनाए जाएंगे तिलहन और दलहन सहित बागवानी क्षेत्र का विस्तार किया जाएगा इस क्षेत्र को हॉर्टिकल्चर आपके रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई है उन्होंने कहा कि ड्रिप और स्प्रिंकलर के माध्यम से पानी की एक-एक बूंद सिंचाई के रूप में उपयोग करके यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कस्टम हायरिंग केंद्र और पंचायत में मशीन बैंक बी बैंक कैसे बनाए जाएंगे ताकि किसानों को आधुनिक मशीनों का लाभ आसानी से मिल सके किसी मंत्री श्री चौहान ने कहा कि अच्छी नर्सरी और क्लीन संयंत्र केंद्र स्थापित करके पो को मजबूत किया जाएगा बैंक हाउस ओल्ड हाउस कोल्ड स्टोरेज बनाए जाएंगे किसानों को फसल उत्पादन से बाजार तक बेहतर ढांचा उपलब्ध कराया जाएगा।

### खेती की पाठशाला में उमड़ा किसानों का उत्साह

दशहरा मैदान में तीन दिनों तक चली इस कृषि पाठशाला में रोजाना अलग-अलग सत्र आयोजित किए गए। इनमें कृषि वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों और अधिकारियों ने किसानों को आधुनिक खेती के तरीके, लागत कम करने के उपाय और जलवायु परिवर्तन से खेती को सुरक्षित रखने के उपाय बताए। मेले में किसानों की सक्रिय भागीदारी ने इसे उपयोगी आयोजन बना दिया।

---

# नरवाई की आग पहुंची घर तक समय रहते पाया आग पर काबू

### नरवाई में आग लगाने पर प्रतिबंध होने के बाद भी नही रुक रही घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर



एक बार फिर नरवाई की आग खेत में लगने से अफरा तफरी मच गई। वो तो गनीमत रही कि समय रहते सलामतपुर पुलिस और सांची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया। वरना बड़ा हादसा होने का अंदेशा था। पूरा मामला सलामतपुर थाने के बड़ौदा गांव का है जहां पर कमलेश पाल के खेत की नरवाई में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली की किसान के घर और भूसे के ढेर तक पहुंचने वाली थी।

किसान कमलेश पाल से तत्काल डायल 112 पर फोन लगाकर सूचना दी। सांची फायर स्टेशन पर आगजनी की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस ने आग को किसान के घर तक पहुंचने से पहले ही बुझा दिया वरना बड़ा हादसा होने की संभावना थी।

### प्रतिबंध के बाद भी नरवाई में लगा रहे आग

जिले में जनसामान्य के हित, पर्यावरण एवं लोक व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी मनोज उपाध्याय द्वारा पूरे जिले की भौगोलिक सीमा में खेत में खड़े गेहूँ के डंठलों (नरवाई) में आग लगाने पर तत्काल प्रभाव से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 अंतर्गत धारा 163 के तहत तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया है। यह प्रतिबंध 17 मार्च से लेकर आगामी दो माह तक जिले की राजस्व सीमा में प्रभावशील रहेगा। जबकि इस आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत दंडनीय है, फिर भी आग लगाने की घटनाएं कम नही हो रही है।

# कीरतपुर में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



कीरतपुर ग्राम स्थित कनक वेयर हाउस में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य प्रारंभ हो गया है। सोमवार को पंजीकृत किसानों के गेहूं की तुलाई शुरू किए जाने से पूर्व तौल कांटे का विधि-विधान से पूजन कर शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मंत्रोच्चार के साथ की गई, जहां विधिवत पूजा-अर्चना कर तौल कांटे को स्थापित किया। जनप्रतिनिधियों ने पूजा में भाग लेकर किसानों की समृद्धि और खरीदी कार्य के सुचारू संचालन की कामना की। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता रमाकांत शुक्ला, विधानसभा संयोजक विष्णु रावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला, समाजसेवी जयबाबू जैन, मलखान सिंह पटेल,भाजपा मंडल महामंत्री लखन चंदेल एवं वेयरहाउस संचालक जलज जैन सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# रायसेन के कृषि महोत्सव में शामिल हुए क्षेत्र के किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

जिला मुख्यालय पर आयोजित तीन दिवसीय किसान सम्मेलन में दीवानगंज क्षेत्र सहित आसपास के गांवों के किसानों की भारी भागीदारी देखने को मिल रही है। सोमवार को दीवानगंज, अंबाडी, नरखेड़ा, जमुनिया, सेमरा, निनोद, बरजोरपुर, सरार, कयामपुर, संग्रामपुर, करैया, गिदगढ़, सत्ती सहित कई गांवों से किसान बसों के माध्यम से सम्मेलन स्थल पहुंचे। सम्मेलन में पहुंचे किसानों ने कृषि से जुड़ी आधुनिक तकनीकों, उन्नत बीज, फसल प्रबंधन, सिंचाई के नए तरीकों और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन के उपाय बताए, साथ ही प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया।

# चोर गिरोह फिर सक्रिय, एक मोटरसाइकिल हुई चोरी, पुलिस जांच तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज




सांची ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले दीवानगंज क्षेत्र में दोपहिया वाहनों की चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला गोसाई मोहल्ला का है, जहां देर रात अज्ञात चोर एक डीलक्स मोटरसाइकिल चोरी कर फरार हो गया। घटना के बाद वाहन मालिक राहुल गिर ने दीवानगंज चौकी में शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार, इससे पहले भी दीवानगंज, अंबाडी और सेमरा क्षेत्रों से कई मोटरसाइकिल चोरी हो चुकी हैं, जिनका अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। लगातार हो रही इन घटनाओं से क्षेत्रवासियों में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। संदिग्धों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि जल्द से जल्द चोरों तक पहुंचा जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की आवश्यकता है। लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीण परेशान है। इससे पहले कस्तूरी वाटिका से भी दो मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी जिनका सुराग अभी तक नहीं लग पाया है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया जाएगा।

---

### बेगमगंज के प्राइवेट स्कूलों की हालात बदतर, सुविधाएं दरकिनार

# शिक्षा पर धंधा : छोटे-छोटे कमरों में संचालित हो रही कक्षाएं

**भारी भरकम फीस, महंगी स्कूल ड्रेस और किताबों के नाम पर वसूली तो हो रही, फिर भी सुविधाएं शून्य**

राहुल अहिरवार ▶▶ बेगमगंज

नगर के प्रायवेट स्कूलों से एक ऐसी तस्वीर सामने आ रही है, जो हर माता-पिता को सोचने पर मजबूर कर देगी, जहां बच्चों के भविष्य के साथ खुला खिलवाड़ हो रहा है और शिक्षा अब सेवा नहीं, बल्कि संचालकों के लिए धंधा बनती जा रही है।

नगर में करीब 10 से 12 प्राइवेट स्कूल ऐसे संचालित हो रहे हैं, जिन्हें देखकर सवाल उठता है, क्या यही है हमारे बच्चों का भविष्य?

### प्रशासन से सवाल

- क्या शिक्षा विभाग और प्रशासन को ये सब दिखाई नहीं देता?
- क्या सिर्फ कागजों में ही स्कूलों की जांच होती रहेगी?
- क्या बच्चों के भविष्य के साथ ऐसा खिलवाड़ चलता रहेगा?

### इन बातों पर दें ध्यान

- माता-पिता बच्चों का एडमिशन प्राइवेट स्कूल में करवाते समय सिर्फ नाम और अंग्रेजी मीडियम देखकर फैसला ना लें
- खुद स्कूल जाकर देखें व्यवस्थाएं– क्या वहां ग्राउंड है? क्या क्लास रूम हवादार हैं? क्या बच्चों के बैठने की उचित व्यवस्था है? क्या राष्ट्रगान और प्रार्थना के लिए जगह है?




नगर के वार्ड नंबर 18 श्याम नगर में स्थित ब्राइट माइंड कान्वेंट स्कूल, ओम कान्वेंट पब्लिक स्कूल और एचपी स्कूल में हालात लगभग एक जैसे हैं। तंग गलियां, छोटी बिल्डिंग और बच्चों के लिए कोई बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। छोटे-छोटे कमरों में चल रहे इन स्कूलों में ना खेलने के लिए मैदान है ना बच्चों को खड़े होकर राष्ट्रगान गाने के लिए पर्याप्त स्थान है।

नगर के स्टैंड के पीछे स्थित नवांकुर हाई स्कूल में भी हालात बेहद चिंताजनक हैं। छोटे-छोटे कमरों में मासूमों की कक्षाएं संचालित की जा रही है, जहां न तो बैठने के लिए पर्याप्त स्थान है और न ही रोशनी और ना ही कोई खेलकूद के लिए मैदान।

### इन स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षक खुद योग्य हैं ?

*सूत्रों के अनुसार इन प्रायवेट स्कूलों में अध्यापन का कार्य करा रहे कई शिक्षकों की योग्यता मात्र 12वीं तक ही सीमित है और उन्हें सैलरी भी महज 1500 से 2500 रुपये महीना प्रदान की जा रही है, जो काफी काफी चिंताजनक है। अब सवाल ये उठता है, जो शिक्षक खुद पूरी तरह शिक्षित नहीं वो बच्चों का भविष्य कैसे संवारेंगे? इसके बावजूद भी स्कूल संचालकों द्वारा माता-पिता से शिक्षा शुल्क के नाम पर मोटी रकम वसूल कर उनके बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है।*

### इनका कहना है

आपके द्वारा संज्ञान में बात लाई गई है, हम ऐसे स्कूलों का निरीक्षण करके उनके संचालकों को वार्निंग देंगे।
**- राजेंद्र श्रीवास्तव,** बीईओ बेगमगंज।

# मढिया देवरी में संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा का दिव्य आयोजन

### कथा के तीसरे दिन कथा श्रवण करने उमड़ी आस्था की अपार भीड़

**कपिल-देवहूति संवाद, सती चरित्र और मां नर्मदा की महिमा के प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को किया भाव-विभोर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



ग्राम मढिया देवरी में आयोजित संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा से आस्था और भक्ति का केंद्र बनी हुई है। कथा के तीसरे दिन सोमवार को श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग और युवा कथा श्रवण के लिए पहुंचे। पूरा वातावरण भक्ति, श्रद्धा और उल्लास से नजर आया। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के बैठने, पेयजल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी विशेष ध्यान रखा है, जिससे सभी श्रद्धालु सहज कथा का श्रवण कर सकें।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिदिन की भांति व्यास गादी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ किया गया। यजमान परिवार एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने श्रद्धा भाव से पूजा संपन्न कर कथा का आरंभ कराया। इसके पश्चात कथा वाचक पंडित भूपेंद्र कृष्ण शास्त्री ने अपने ओजस्वी एवं मधुर स्वर में संगीतमयी शैली के साथ कथा का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। उनके भजनों और प्रवचनों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिससे पूरा पंडाल भक्ति रस में डूब गया।

पंडित शास्त्री ने कपिल और देवहूति के संवाद का गहन विवेचन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि यह संवाद आत्मज्ञान, भक्ति और वैराग्य की त्रिवेणी है। भगवान कपिल द्वारा माता देवहूति को दिए गए उपदेश जीवन के गूढ़ रहस्यों को उजागर करते हैं और मनुष्य को आत्मा और परमात्मा के संबंध को समझने की प्रेरणा देते हैं।